वन अनुसंधान संस्थान में मनाया गया
हिंदी पखवाड़ा-2023

वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में 14 से 29 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। दिनांक 29 सितंबर, 2023 के समापन कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलसचिव श्री एस. के. थॉमस, भा.व.से. ने संस्थान निदेशक डॉ. रेनू सिंह महोदया का अभिवादन करते हुए अपने संबोधन में सभी अधिकारियों/कार्मिकों का स्वागत किया। उन्होंने पखवाड़ा के दौरान आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों/कार्मिकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक महोद या के कर-कमलों से सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में पुरस्कार विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं- हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता में कु. प्रज्ञा भारती, आशुलिपिक ग्रेड-II, श्री नीतीश मठपाल, अवर श्रेणी लिपिक एवं श्री अजय डबराल, तकनीकी सहायक। हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में श्री आशीष कुमार, तकनीशियन, श्री रुद्रदेव शर्मा, अवर श्रेणी लिपिक और श्री नीतीश मठपाल, अवर श्रेणी लिपिक। हिंदी टंकण प्रतियोगिता में श्रीमती चंद्रप्रभा, डाटा एंट्री ऑपरेटर, श्री ऋषभ कुमार सिंह सहगल, तकनीकी सहायक तथा कु. दीपा थापा, कंप्यूटर ऑपरेटर। स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता में श्री सुधान सिंह कैंतूरा, पी.एच.डी. शोधार्थी, कु. तृप्ति टोंक, जेआरएफ तथा श्री उमाशंकर, तकनीशियन।

इसके अतिरिक्त वर्ष 2022-23 के दौरान राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए संस्थान के अनुसंधान तथा प्रशासनिक कार्यालयों को पुरस्कृत किया गया। इस श्रेणी में वन पुस्तकालय एवं सूचना केंद्र , वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय , नव वन चिकित्सालय तथा वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष सुधार प्रभाग को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

इसके उपरांत केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली द्वारा संचालित हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत हिन्दी भाषा प्रशिक्षण उत्तीर्ण डॉ. बालागणेश जी, वैज्ञानिक-बी, श्री अनंत सन्याल, तकनीशियन तथा श्री राजर्षि घोष, तकनीशियन को नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में निदेशक महोदया ने हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभागिता हेतु सभी की सराहना की। उन्होंने राष्ट्र के विकास में हिन्दी की भूमिका और अपनी मातृभाषा हिन्दी के प्रति हमारें उत्तरदायित्वों के संबंध में सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का समग्र संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने किया।

पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की कुछ झलकियाँ

हिंदी पखवाड़ा
``निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल,
भारतेंदु हरिश्चंद्र

हिंदी पखवाड़ा
``निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल,
भारतेंदु हरिश्चंद्र
देहरादून

हिंदी

हिंदी पखवाड़ा